बरेली-भोजीपुर-काठगोदाम रेल लाइन का निर्माण

3240. **श्री हरीश रावत :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बरेली-भोजीपुर-काठगोदाम बड़ी रेल लाईन के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति के क्या कारण हैं; और

(ख) यह कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) और (ख): बरेली और भोजीपुरा जंक्शन के बीच बड़े आमान की समानान्तर लाइन के निर्माण तथा बरेली से काठगोदाम तक सीधे आमान परिवर्तन का कार्य एक अनुमोदित कार्य है। चूंकि पहले इसका विस्तृत सर्वेक्षण नहीं किया गया था, अतः इस क्षेत्र में इस समय अन्तिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, इस परियोजना के लिए पर्याप्त धन आबंटित करने के सम्बन्ध में योजना आयोग को लिखा जायेगा। परियोजना कब तक पूरी की जायेगी, यह आगामी वर्षों में रेलवे क्षेत्र में धन की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

1982 का साहित्य अकादमी पुरस्कार

3241. **श्री हरीश रावत :**
श्री रामेश्वर नीखरा :

क्या शिक्षा और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1982 के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकारों की संख्या कितनी है ;

(ख) क्या किन्हीं साहित्यकारों ने पुरस्कार स्वीकार करने से इन्कार कर दिया है ; और

(ग) यदि हां, तो उन्होंने इसके क्या कारण बताये हैं ?

शिक्षा और संस्कृति तथा समाज कल्याण मंत्रालयों में राज्य मंत्री श्रीमति शीला कौल : (क) साहित्य अकादमी पुरस्कार 22 भाषाओं में प्रदान किए गए थे।

(ख) और (ग) पुरस्कार प्राप्त करने वालों में से एक श्री देशबन्धु डोगरा "नूतन" को पुरस्कार डोगरी भाषा में प्रदान किया गया था। उन्होंने पुरस्कार इस आधार पर अस्वीकार कर दिया था कि उन्हें यह पुरस्कार पहले दिया जाना चाहिए था और यह कि डोगरी भाषा की जिन पुस्तकों को पहले पुरस्कार दिए गए थे, वो इसके लायक नहीं थी।

साहित्य अकादमी एक स्वायत्त संगठन है और पुरस्कारों के नियम यही बनाती है।

New Delhi meeting of Port Trust Chairmen

3242. SHRI CHINTAMANI JENA: Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether a meeting of the Port Trust Chairmen was held in New Delhi recently; and

(b) if so, the particulars of the Chairman was attended the meeting?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHR Z.R. ANSARI): (a) Yes.

(b) The particulars of the Chairmen of the Major Ports who attended the meeting are as follows:—

1. Shri K. K. Uppal,
Chairman, Bombay Port Trust,
Bombay.

2. Shri T. C. Dutt,
Chairman, Calcutta Port Trust,
Calcutta.

3. Shri V. Selvaraj,
Chairman,
Madras Port Trust, Madras.

4. Shri N. P. Datta (Vice Admiral),
Chairman, Nhava Sheva Port Trust,
Bombay.

5. Shri T. N. Jayachandran,
Chairman,
Cochin Port Trust,
Cochin.

6. Shri S. L. Verma,
Chairman,
Kandla Port Trust.
Gandhidham

7. Shri R. K. R. Gonela, Chairman,
Visakhapatnam Port Trust,
Visakhapatnam.

8. Shri M. Y. Rao,
Chairman,
Paradip Port Trust,
Paradip (Orissa).

9. Shri C. Moronha
Chairman,
Mormugao Port Trust,
Mormugao (Goa).

10. Shri K. A. Sundaram,
Chairman,
Tuticorin Port Trust.
Tuticorin.

11. Shri E. S. Rajabather
Chairman,
New Mangalore Port Trust,
Panambur Via Mangalore.

राज्यों में बिना अध्यापक के प्राथमिक स्कूल

3243. **श्री वृद्धि चन्द्र जैन :** क्या शिक्षा और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में ऐसे प्राथमिक स्कूलों की राज्यवार संख्या कितनी है, जिनमें अध्यापक नहीं हैं ;

(ख) इसके क्या कारण हैं ;

(ग) प्रत्येक प्राथमिक स्कूल में कम से कम एक अध्यापक तैनात करने के लिए क्या ठोस कदम उठाने का विचार है ; और

(घ) यह लक्ष्य कब तक पूरा हो जाएगा ?

शिक्षा और संस्कृति तथा समाज कल्याण मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्रीमती शीला कौल) : (क) से (घ). चौथे अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण ने, 30 सितम्बर 1978 को सन्दर्भ तारीख के रूप में ले कर यह सूचित किया है कि देश में 2937 प्राइमरी स्कूलों में शिक्षक नहीं थे । लेकिन, अधिकांश राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों से बाद में प्राप्त हुई सूचना के अनुसार, शिक्षकों के बगैर कोई स्कूल नहीं है ।